आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 10.10.25 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री कल दिल्ली में करेंगे धन-धान्य योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन में इंगोरिया-उन्हेल डबल लेन मार्ग का किया भूमिपूजन ।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज ऑस्ट्रेलिया में भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा उद्योग गोलमेज बैठक को किया संबोधित।
- प्रदेश के अधिकांश ज़िलों में बारिश का दौर समाप्ति पर ,कई शहरों में ठंड ने दी दस्तक ।

प्रधानमंत्री - दलहन मिशन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसकी जानकारी देते हुए सभी किसानो से इस योजना के कार्यक्रम में जुड़ने की अपील की है.

शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल के ,क निजी कॉलेज में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

बाइट - केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान

इस अवसर पर पूर्व न्यायाधीश श्री रोहित आर्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन जिले के उन्हेल में इंगोरिया-उन्हेल डबल लेन मार्ग के भूमिपूजन का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर उन्होंने ₹133 करोड़ से अधिक की लागत वाले अन्य विकास कार्यों का भी लोकार्पू.kन एवं भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया ..

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज रतलाम के काटजू नगर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में नव निर्मित 'संघ शताब्दी सभागार' का लोकार्पूजन किया और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवता की भावना के पोषण का केंद्र है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री चेतन्य कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

रक्षा मंत्री

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज ऑस्ट्रेलिया में आयोजित पहली *भारत–ऑस्ट्रेलिया रक्षा उद्योग व्यापार गोलमेज बैठक* को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में स्थापित व्यापक रणनीतिक साझेदारी के अंतर्गत भारत और ऑस्ट्रेलिया एक सुरक्षित तथा समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के सह-निर्माता के रूप में आगे बढ़ रहे हैं।

राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज भोपाल में बैठक के दौरान निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी जिलों में गौरव दिवस का आयोजन किया जाए। इसका उद्देश्य जनजातीय समाज के विकास और गौरव के संदेश को जनता तक पहुँचाना है। राज्यपाल ने दो सत्रों में गृह, जेल, वन, पंचायत और ग्रामीण विकास की समीक्षा की ।

जीएसटी सुधार- मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थी जो 22 सितंबर से शुरू हुआ है। यह पूरे देश में लाभकारी साबित हो रहा है। आज इस कड़ी में पेश है मध्य प्रदेश के उद्योगों पर जीएसटी सुधारों के प्रभाव पर

नया जीएसटी सुधार मध्यप्रदेश के किसानों, कारीगरों, औद्योगिक श्रमिकों और छोटे व्यवसायों के लिए बड़ा प्रोत्साहन है। नमकीन पर नये जीएसटी दर से यह अब लगभग 6 से 7 प्रतिशत तक सस्ता हो गया है। इससे राज्य के प्रसिद्ध इंदौर नमकीन क्षेत्र को बढ़ावा मिल रहा है, जो करीब साढे तीन लाख नौकरियां प्रदान करता है। वहीं, कृषि मशीनरी, पंप, ट्रैक्टर और अन्य उपकरण के 5 प्रतिशत कर श्रेणी में आने से लागत में 7 से 13 प्रतिशत तक की कमी आई है। इससे छोटे तथा सीमांत किसान आधुनिक उपकरण खरीद पाएंगे। पारंपरिक आदिवासी शिल्प जैसे गोंड चित्रकारी, टेराकोटा, लाख के खिलौने, डोकरा शिल्प, और पीतल के बर्तन जैसी वस्तुएं लगभग 6 प्रतिशत शक्ति हो गई है। मध्य प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों को भी कर सुधारो से लाभ मिलेगा। सतना, कटनी और रीवा में केंद्रित सीमेंट उत्पादन में 28 प्रतिशत से 18 प्रतिशत की उल्लेखीय गिरावट दर्ज की गई है। जिससे 50 किलोग्राम के सीमेंटबोरे की लागत 25 से 30 रुपए तक काम हो गई है। वहीं ढाई हजार तक की कीमत वाले फुटवियर पर अब केवल 5 प्रतिशत कर लग रहा है जिससे कीमतों में लगभग 11 प्रतिशत की कमी आई है इससे देवास और ग्वालियर जैसे शहरों के चमड़ा और फुटवियर उद्योग को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ सूक्ष्म इकाइयों और छोटी कार्यशालाओं को मजबूती मिलेगी। नये सुधारो का उद्देश्य त्यौहार के मौसम में उत्पादों की बिक्री बढ़ाना, रोजगार को सुरक्षित करना और मध्य प्रदेश की ग्रामीण शिल्प तथा औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं को बल देना है। रोहन के साथ, आदर्श आकाशवाणी, समाचार दिल्ली।

ट्रैवल मार्ट 2025

मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट 2025, प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने वाला आयोजन कल से 13 अक्टूबर तक भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में होगा। इस 3 दिवसीय कार्यक्रम में 27 देशों के 80 से अधिक विदेशी टूर ऑपरेटर, 150 घरेलू टूर ऑपरेटर, 355 सेलर्स, फिल्म जगत के प्रतिनिधि और मीडिया सहित 700 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे।

करवा चौथ

करवा चौथ के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज प्रदेश की सभी माताओं और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में प्रेम, विश्वास और अखंड सौभाग्य लेकर आए। उन्होंने यह भी कामना की कि प्रदेश में सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य का दीप हमेशा प्रज्जवलित रहे।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश जिलों से बारिश का दौर खत्म हो गया है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के डिंडौरी, सिवनी, मंडला और बालाघाट जिलों में कहीं कहीं बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रदेश के कई शहरों में ठंड ने दस्तक दे दी है। जिससे रात का तापमान 15 डिग्री से नीचे पहुॅच गया है। कल प्रदेश में शाजापुर जिले के गिरवर में न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

क्रिकेट

भारत और वेस्टइंडीज़ के बीच दिल्ली में खेले जा रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल समाप्त हो गया। स्टंप्स तक भारत ने पहली पारी में 90 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 318 रन बना लिए। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फैसला किया था। भारत की ओर से यशस्वी जायसवाल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 173 रनों की नाबाद पारी खेली।

राष्ट्रीय डाक सप्ताह

मध्यप्रदेश डाक परिमंडल, भोपाल द्वारा 6 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक मनाया गया 'राष्ट्रीय डाक सप्ताह' आज विभिन्न कार्यक्रमों के साथ संपन्न हो गया। इस सप्ताह का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को डाक सेवाओं की आधुनिकता, विश्वसनीयता और विविधता से अवगत कराना था। मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल विनीत माथुर ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय डाक सप्ताह को डाक प्रौद्योगिकी के उन्नयन पर केंद्रित रखा गया था, जो नवाचार के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

समाचार संक्षेप में :–

- अशोकनगर में आज केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दौरा किया इस दौरान उन्होंने अमृत 2.0 योजनांतर्गत अशोकनगर शहर की जल प्रदाय परियोजना का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया तथा संजय स्टेडियम में बास्केटबॉल कोर्ट का लोकार्पण किया।
- ग्वालियर मे जन्म से पाँच वर्ष तक के बच्चों को 12 अक्टूबर को पल्स पोलियो की दवा पिलाई जायेगी।
- सतना जिलs में आदि कर्मयोगी अभियान के तहत सतना एवं मैहर जिले के 321 ग्राम चयनित किये गये है।
- खंडवा के मोरटक्का पुल पर 20 टन से अधिक भार वाले वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

————————